भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - †2908

उत्तर देने की तारीख - 08.08.2024

गोवा में अनुसूचित जनजाति समुदाय का आरक्षण

†2908 कैप्टन विरयाटो फर्नांडीस:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय को पिछले दो वर्षों के दौरान गोवा राज्य सरकार या गोवा के किसी विधायक से अनुसूचित जनजाति समुदाय के लिए राजनीतिक आरक्षण के संबंध में कोई पत्र/सिफारिश प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त सीट को अनुसूचित जनजाति समुदाय के लिए कब तक आरक्षित किये जाने की संभावना है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क)- (ग): इस मंत्रालय में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, "गोवा राज्य के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनः समायोजन विधेयक, 2024" नामक विधेयक 05 अगस्त, 2024 को लोकसभा में पेश किया गया है।